AUGUST 2020

# MONTHLY PROGRESS REPORT

## KUMAUN UNIVERSITY

NAINITAL, UTTARAKHAND (INDIA)

# MONTHLY
# PROGRESS REPORT

# AUGUST 2020

# Index


| S. No. | Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Award/Recognition/Honour | 01 - 03 |
| 2. | Conference/ Seminars/ Workshop Conducted | 04 - 04 |
| 3. | Society Initiatives | 05 - 08 |
| 4. | Conference/ Seminars/ Workshop Attended | 09 - 10 |
| 5. | Publications | 11 - 11 |
| 6. | Conducted Ph.D. Viva-Voce | 11 - 11 |
| 7. | News Gallery | 12 – 17 |

# 1. Award/Recognition/Honour

## 1.1 Kumaun University gets 27th rank nationally in India Today Survey-2020

Kumaon University has been ranked 27th nationally among about 750 universities nationwide in India Today's MDRA survey-2020. Every year India Today Group conducts a survey of universities in the country. In this, information is collected about the university's academic and research excellence, personality and leadership, career progress, achievements, basic facilities, library, laboratory status, equipment, faculty, administrative structure and other parameters.

Honorable Vice Chancellor Prof. NK Joshi expressed happiness over this achievement and stated his goal to include Kumaon University in the top 10 universities of the country. He said that along with starting the exercise of improvement at every level, strict steps will also be taken. The Vice Chancellor also called upon the officers-professors-employees to work hard for this.



# जनरल यूनिवर्सिटी की रैंक और स्कोर (सरकारी)

| ओवर ऑल रैंक 2020 | ओवर ऑल रैंक 2019 | यूनिवर्सिटी | प्रतिष्ठा और गवर्नेंस | अकादमिक और शोध गुणवत्ता | इन्फ्रास्ट्रक्चर और माहौल | व्यक्तित्व और नेतृत्व विकास | करियर संभावना और प्लेसमेंट | ऑब्जेक्टिव स्कोर | धारणात्मक स्कोर | ओवरऑल स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 208 | 250 | 175 | 150 | 217 | 1,000 | 1,000 | 2,000 |
| 1 | 1 | जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली | 183.4 | 205.5 | 154.7 | 146.1 | 188.3 | 878.0 | 997.6 | **1,875.6** |
| 2 | 2 | यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद, हैदराबाद | 169.5 | 177.8 | 145.6 | 113.9 | 153.7 | 760.5 | 987.9 | **1,748.4** |
| 3 | 3 | अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ | 171.5 | 182.5 | 140.8 | 91.8 | 170.7 | 757.3 | 961.3 | **1,718.6** |
| 4 | 4 | उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद | 177.3 | 161.4 | 151.7 | 107.5 | 159.5 | 757.4 | 927.3 | **1,684.7** |
| 5 | 5 | यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता, कोलकाता | 163.1 | 173.9 | 105.0 | 87.3 | 174.1 | 703.4 | 957.5 | **1,660.9** |
| 6 | 6 | महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी, कोट्टयम | 168.8 | 178.4 | 137.5 | 122.9 | 128.1 | 735.7 | 908.0 | **1,643.7** |
| 7 | 9 | कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी, कोच्चि | 167.2 | 177.9 | 126.6 | 104.4 | 191.4 | 767.5 | 860.8 | **1,628.3** |
| 8 | 7 | जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली | 151.6 | 160.1 | 127.9 | 115.8 | 169.0 | 724.4 | 901.9 | **1,626.3** |
| 9 | एनपी | टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई | 163.5 | 161.5 | 106.2 | 101.4 | 137.9 | 670.5 | 917.7 | **1,588.2** |
| 10 | एनपी | डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा, समस्तीपुर | 146.2 | 158.1 | 133.7 | 61.9 | 148.9 | 648.8 | 938.3 | **1,587.1** |
| 11 | 8 | मंगलोर यूनिवर्सिटी, मेंगलूरू | 147.8 | 160.1 | 129.6 | 90.5 | 147.5 | 675.5 | 910.4 | **1,585.9** |
| 12 | 10 | आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम | 180.0 | 164.3 | 102.8 | 81.5 | 144.3 | 672.9 | 911.6 | **1,584.5** |
| 13 | 11 | गुवाहाटी यूनिवर्सिटी, गुवाहाटी | 162.1 | 173.8 | 102.5 | 107.7 | 146.1 | 692.2 | 815.7 | **1,507.9** |
| 14 | 12 | भारतियर यूनिवर्सिटी, कोयंबत्तूर | 159.2 | 178.6 | 123.6 | 91.6 | 85.5 | 638.5 | 865.5 | **1,504.0** |
| 15 | 15 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली, नई दिल्ली | 164.8 | 174.0 | 133.0 | 80.0 | 109.2 | 661.0 | 841.5 | **1,502.5** |
| 16 | 13 | यूनिवर्सिटी ऑफ केरल, तिरुवंतपुरम | 163.2 | 153.2 | 122.4 | 49.5 | 159.0 | 647.3 | 854.6 | **1,501.9** |
| 17 | 14 | द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्दवान, बर्दवान | 143.5 | 159.0 | 125.6 | 93.3 | 129.8 | 651.2 | 843.8 | **1,495.0** |
| 18 | 16 | तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, कोयंबत्तूर | 136.0 | 177.5 | 133.4 | 84.1 | 115.9 | 646.9 | 835.3 | **1,482.2** |
| 19 | 18 | सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, अजमेर | 124.6 | 158.3 | 139.0 | 106.2 | 122.6 | 650.7 | 826.8 | **1,477.5** |
| 20 | 17 | गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर | 159.7 | 149.8 | 115.8 | 70.0 | 133.8 | 629.1 | 841.4 | **1,470.5** |
| 21 | 19 | द इंग्लिश ऐंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद | 138.1 | 144.2 | 119.2 | 66.2 | 134.0 | 601.7 | 868.1 | **1,469.8** |
| 22 | एनपी | यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ, लखनऊ | 145.8 | 153.1 | 99.3 | 69.8 | 92.9 | 560.9 | 908.1 | **1,469.0** |
| 23 | 20 | गोवा यूनिवर्सिटी, पण्जिम | 148.9 | 135.8 | 115.1 | 99.7 | 126.6 | 626.1 | 768.7 | **1,394.8** |
| 24 | एनपी | असम एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, जोरहाट | 121.7 | 120.8 | 134.3 | 57.0 | 57.0 | 490.8 | 755.4 | **1,246.2** |
| 25 | एनपी | डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल ऐंड फॉरेट्री, सोलन | 122.4 | 149.2 | 114.6 | 42.7 | 154.6 | 583.5 | 648.8 | **1,232.3** |
| 26 | 21 | मिजोरम यूनिवर्सिटी आइजोल | 144.7 | 152.1 | 107.0 | 75.5 | 122.5 | 601.8 | 599.7 | **1,201.5** |
| 27 | 25 | कुमाऊं यूनिवर्सिटी, नैनीताल | 120.2 | 121.1 | 111.6 | 59.9 | 107.4 | 520.2 | 647.5 | **1,167.7** |
| 28 | एनपी | लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन (डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी), ग्वालियर | 143.5 | 74.5 | 118.2 | 81.0 | 132.1 | 549.3 | 607.4 | **1,156.7** |
| 29 | 30 | प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना स्टेट एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद | 111.5 | 149.0 | 127.0 | 84.5 | 140.4 | 612.4 | 525.0 | **1,137.4** |
| 30 | 24 | विद्यासागर यूनिवर्सिटी, मिदनापुर | 135.3 | 148.9 | 102.7 | 64.4 | 121.1 | 572.4 | 557.4 | **1,129.8** |
| 31 | 28 | यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस, रायचूर | 113.3 | 152.8 | 121.4 | 90.6 | 95.3 | 573.4 | 482.7 | **1,056.1** |
| 32 | NP | डेक्कन कॉलेज पोस्ट ग्रेजुएट ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी), पुणे | 146.7 | 94.1 | 113.6 | 33.8 | 70.7 | 458.9 | 582.0 | **1,040.9** |

## 1.2 Nikita Khati, a student of Nainital, DSB campus of Kumaon University, secured first place in the state level debate competition.

In the state level debate competition organized by Garhwal Central University, Nikita Khati, a student of Nainital, DSB campus of Kumaon University, got the first place in favor of the subject. 47 participants from various universities participated in this online competition. The competition was organized as part of a series of events to be held throughout the year to mark the 70th anniversary of Constitution Day.

There was an online debate competition on behalf of Garhwal University on the subject of 'Should fundamental duties also be legally binding like fundamental rights?'

The Vice Chancellor, Kumaon University Prof. N.K. Joshi, encouraged Nikita Khati to get first place in the state-level debate competition.



**राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में निकिता टॉपर**

**आज समाचार सेवा**

**नैनीताल।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के द्वारा क्या मौलिक कर्तव्य भी मौलिक अधिकारों की भाँति कानूनी रुप से बाध्यकारी होने चाहिए विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में दिए गये विषय के पक्ष में कुमाऊं विवि की डीएसबी परिसर नैनीताल में बी.कॉम आनर्स की छात्रा निकिता खाती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विषय के विपक्ष में आईपीएसडीआर की छात्रा मेहक जाफरी ने सात्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल मौजूद रही। वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन प्रो. महावीर सिंह नेगी विभागाध्यक्ष भूगोल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में गर्वनमेंट पीजी कॉलेज डोईवाला में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. राखी पंचोला, सामाजिक सरोकारों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार महिपाल सिंह नेगी तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय के डॉ आशुतोष गुप्ता मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 47 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिन्हें उनके विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों ने चुना था। प्रतिभागी एवं विजयी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो. एन. के. जोशी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ ही उनके आत्मविश्वास को भी बढाते हैं जिससे वे भविष्य के लिए तैयार हो सके। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग प्रो. अतुल जोशी, प्रो. एन. एस. बिष्ट, प्रो. बी. डी. कविदयाल, प्रो. एल. एस. बिष्ट, डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रदीप जोशी, डॉ. सारिका जोशी, के. के. पाण्डेय तथा मनोज पाण्डेय द्वारा भी बधाई दी गई।

# 2. Conference/ Seminar/ Workshop Conducted

## 2.1 Online workshop organized for training of teachers of Kumaun University for online education.

On the initiative of the Vice Chancellor, an online workshop was organized for training of teachers of Kumaon University for online education. NIPEA head Prof. K. Srinivas appealed for special attention to open educational resources. He taught the teachers how to share the MS Word file, MS Excel sheet by drawing screens, adding lines to the MS Excel sheet, preparing tables, editing, filling data, filling the students' data from their mobile for conversion.

Prof. Joshi, the Vice Chancellor, said in the workshop that education system is currently undergoing unprecedented changes. Keeping in mind how to use technology for education system at the turn of this change, it was felt that university teachers need to be able to guide students continuously so that they are able to adapt to the times.

### कार्यशाला में ऑनलाइन पढ़ाई पर चर्चा



प्रो. एनके जोशी।



प्रो. के. श्रीनिवास।

नैनीताल। कुमाऊं विवि के प्राध्यापकों की ऑनलाइन कार्यशाला में कुलपति प्रो. एनके जोशी ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के अध्यापक कोरोना के दौर में ऑनलाइन अध्यापन के लिए खुद को तैयार करें और विद्यार्थियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कुलपति ने कहा कि यूजीसी और केंद्र सरकार की ओर से तमाम वेबसाइट विकसित की गई हैं, जो ऑनलाइन अध्यापन के लिए महत्वपूर्ण हैं। ई-पाठशाला, स्वयं प्रभा और स्वयं जैसी अनेक वेबसाइट का प्रयोग कर अध्यापक विद्यार्थियों को इनके प्रयोग की प्रेरणा दें। एनआईपीईए के प्रमुख प्रो. के श्रीनिवास ने ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज, ओईआर पर विशेष ध्यान देने की अपील की। संचालन डॉ. रितेश साह ने किया। संवाद

# 3. Social Initiatives

## 3.1 The Sports Department of Kumaon University is running a 'Fit India, Hit India' campaign

The Sports Department of Kumaon University is running a 'Fit India, Hit India' campaign to save the environment and make people aware of their health. Vice Chancellor Prof. N.K. Joshi pledged to take this campaign to new heights with public participation.

Prof. Joshi congratulated the Sports Department for starting the Fit India campaign and said that well-being is an important dimension of a happy life and this campaign will help in spreading health awareness among the people. He said that every citizen of the country has to be fit only then a better and stronger India will be created. One who is fit is a hit and if a body fit is a mind hit.




कुमाऊँ विश्वविद्यालय
1973
सर्वं ज्ञाने परिसमाप्यते
Sports Department
KUMAUN UNIVERSITY NAINITAL
PRESENTS
FIT INDIA MOVEMENT
CYCLING TRACKING
Rudrapur to SIMT Gadarpur
Friday
21 August
2020
6.30 AM
Dr. Nagendra Sharma
Sports Officer & Secretary Sports Council
Mobile :94120 38602, 7983776125

## 3.2 Kumaon University Organizes "Innovative Business Proposal Competition"

The winners of the "Innovative Business Proposal Competition" organized by the "Kumaon University Innovation and Development Center" were awarded by the Honorable Vice Chancellor Prof. NK Joshi in the administrative building of the University. Nearly a hundred entries were received for this competition, including farming of medicinal and herbal plants, mobile fruit processing unit, mobile app, books on rent, aggro equipment on rent, shooting business, e-bike, kovid mask, food truck etc. related business proposals were included.

Due to Kovid, many proposals for the business of migrants returned to Uttarakhand were also suggested by the students. Meenakshi Rawat got the first place in the competition. Aryan Vashisht got second, Garvit Shah and Ishita Arora got the third position. Consolation prizes were awarded to Tilak Joshi, Kritika Bisht and Bhavana Joshi.

**अभिनव व्यावसायिक प्रस्ताव प्रतियोगिता का आयोजन**

**कुलपति प्रो. जोशी ने विजेताओं को किया पुरस्कृत**

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय नवोन्मेष एवं विकास केंद्र द्वारा आयोजित अभिनव व्यावसायिक प्रस्ताव प्रतियोगिता के विजेताओं को कुलपति प्रो. एनके जोशी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए लगभग सौ प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी। जिसमें मेडिसनल एंड हर्बल प्लांटस की खेती, मोबाइल, फ्रूट प्रॉसेसिंग यूनिट, मोबाइल ऐप, बुक्स ऑन रेंट, एग्रो इक्विप्मेंटस ऑन रेंट, शूटिंग व्यवसाय, ई-बाइक, कोविड मास्क, फूड ट्रक आदि व्यवसायिक प्रस्ताव सम्मिलित थे। कोविड के कारण उत्तराखंड लौटे प्रवासियों के व्यवसाय हेतु भी कई प्रस्ताव विद्यार्थियों द्वारा सुझाए दिए गये।

इस अवसर पर कुलपति ने नवोन्मेष एवं विकास केंद्र द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता को अभिनव प्रयास बताते हुए विद्यार्थियों में उद्यमिता हेतु प्रेरित करने के केंद्र के प्रयासों की सराहना। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए यह अभिनव प्रयास है। केन्द्र की निदेशक प्रो. शुचि बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर उन्हें स्वयं का व्यवसाय खोलेने को प्रेरित करना है साथ ही यह केंद्र, उद्यमिता की शिक्षा एवं प्रशिक्षण के साथ साथ उद्यमिता हितैषी माहौल बनाने का भी प्रयास करेगा। केन्द्र की सदस्य डा. किरण बर्गली ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा डस. सारिका जोशी ने प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम घोषित कर उनके व्यवसायिक प्रस्तावों का प्रदर्शन करवाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनाक्षी रावत ने प्राप्त किया। आर्यन वशिष्ठ को द्वितीय, गर्वित शाह एवं इशिता अरोरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तिलक जोशी, कृतिका बिष्ट और भावना जोशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन में प्रो. एलएम जोशी, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. नीता बोरा, डा. कुमुद उपाध्याय, डा. महेश आर्या, डा. प्रशस्ति जोशी, डा. प्रदीप जोशी, डा. केके पांडे, जगमोहन मेहरा आदि उपस्थित थे।



नैनीताल कुविवि के प्रशासनिक भवन में विजेता को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. एनके जोशी। ● उत्तरांचल दीप

## 3.3 Corona Epidemic Awareness Campaign

Community work is an integral part of the curriculum of teacher education programme. Student-teachers usually take more interest in this activity because it links them with the society and give them opportunity to do something for its welfare. In the Corona Pandemic period students of M.Ed.-III and B.Ed.-III semesters planned and organized different activities related to health, awareness and sanitization among the community and nearby places in the duration of 22-26 August, 2020.

The members of the faculty guided and supervised students role in Swachhata Abhiyaan, Paryavaran Samvardhan, Jagrookta Abhiyaan(Corona Pendamic), Masks making and its distribution, Gender awareness activities. During the performance students took care of the Central and State government guidelines related to COVID-19 by wearing masks, following social distancing and sanitizing themselves and work places etc.



# 4. Conference/ Seminars/ Workshop Attended

4.1 Prof. P.C Tiwari, Department of Geography participated as a panelist in the International Conference organized by the National Institute of Disaster Management, New Delhi on "Technology Research – Policy - Practice Interface for Climate Risk Management" 25-27 August 2020

4.2 Prof. V. R. Dhoundiyal, Head and Dean of faculty of Education, S.S.J. Campus, shared her knowledge as a distinguished speaker on the topic "Changing Scenario of Education: Challenges and Solution (with special reference to Pandemic-COVID-19)" in two days international webinar organized by the Laxman Singh Mahar Government Post Graduate College, Pithoragarh, Uttarakhand on 8 and 9 august 2020

4.3 Prof. Vijaya Rani Dhoundiyal, Head and Dean of faculty of Education, S.S.J.Campus, Almora delineated her views in two days webinar organized by Graphic Era Hill University, Bhimtal Campus, Uttarakhand and Commission for Scientific and Technical Terminology, Ministry of Education, Govt. of India on the theme of 'New Education Policy 2020 and Indian Languages'.

4.4 Dr. Jitendra Kumar Lohani, Department of Economics attended a one-day National Webinar (07-August-2020) organized by Government College Daman in association with IQAC on the Topic of "National Education Policy 2020: Reconfiguration of Higher Education System in India".

4.5 Dr. Jitendra Kumar Lohani, Department of Economics attended two days National Level workshop on "Statistical Data Analysis Using Ms-Excel" organized by Dr. MGR Education and Research Institute, Tamilnadu, India.

4.6 Prof. Shalima Tabassum, Department of Sanskrit, S.S.J. Campus, Almora attended a National Webinar, on the Topic of

"Manas Suktiyon mein manav Prakriti" organized by Fateh Chand Girls PG college, Hissar on 28 August 2020.

4.7 Dr. P.S.Bora, Law Department, SSJ Campus Attended a webinar on "Employment Scenario in the Informal Sector during the Pandemic".

4.8 Mr. Dalbeer Lal Law Department, SSJ Campus attended a workshop on "Research Methodology and Techniques" from 02 August to 06 August, 2020.

4.9 Mr. Dalbeer Lal Law Department, SSJ Campus attended a webinar on "E-learning and online Teaching Method" from 31 August to 1st Sep. 2020 .

4.10 Prof Veena Pande, Department of Biotechnology participated in webinar on "Origin and transmission of COVID-19" organized by Hisar unit association of microbiologist of India held on 15th August 2020.

4.11 Prof. Indu Pathak, Department of Sociology participated in webinar series (professional) on "Transforming Teaching Learning Process using ICT Tool's" form 28th to 30th August 2020 organized by IQAC, PGDAV College, University of Delhi.

4.12 Prof. Jyoti Joshi, Department of Sociology attended a webinar on "Online teaching : Good features and mistake to avoid" held on 22 August 2020

## 5. Publications

5.1 Bhatt, D. Joshi G.C., Tewati L.M., Pandey N.C. 2020. Traditional medicinal systems and threatened medicinal plants of Kumaun Western Himalaya India. (Book Published)

5.2 Prof. Padam S. Bisht. Arthshastra Mein Ganitiy Evam Sankhikiy Vidhiyan. Kunal Books, New Delhi

5.3 Dr. Jitendra Kumar Lohani. Arthshastra Mein Ganitiy Evam Sankhikiy Vidhiyan. Kunal Books, New Delhi

## 6. Conducted Ph.D. Viva-Voce

| S. No. | Subject | Name of the Candidate | Name of the Guide | Date of Viva Voce |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Drawing and Painting | Sagar Singh Bhaisora | Prof. C. S. Joshi | 01.08.2020 |
| 2 | Biotechnology | Ravindra | Prof. Veena Pandey | 04.08.2020 |
| 3 | Economics | Abdul Hafiz | Dr. H. C. Joshi | 07.08.2020 |
| 4 | Botany | Sachin Sharma | Prof. S. S. Bargali | 10.08.2020 |
| 5 | Botany | Bhawana Adhikari | Prof. Neelu Lodhiyal | 10.08.2020 |
| 6 | Hindi | Pravesh Chandra Joshi | Dr. Girish Chandra Pant | 17.08.2020 |
| 7 | Management | Apurva Trivedi | Prof. P. C. Kavidayal | 28.08.2020 |

# 7. News Gallery

## विदेशी सामान का बहिष्कार करें: प्रो. जोशी

**बोले कुलपति**

नैनीताल | **हमारे संवाददाता**



कुविवि कुलपति प्रो. एनके जोशी

**शिक्षा नीति**

- कहा लंबे समय बाद मिली देश को नई शिक्षा नीति
- नई शिक्षा नीति का छात्रों को अच्छा लाभ मिलने जा रहा

कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने स्वतंत्रता दिवस पर आत्मनिर्भर देश के लिए विदेशी सामान के बहिष्कार की अपील की। कहा है ऐसी शपथ लेनी होगी कि हम सिर्फ देश में बनी वस्तुओं का ही प्रयोग करें। कहा लंबे समय के बाद देश को नई शिक्षा नीति मिली है। जिससे युवा आत्मनिर्भर होंगे।

कुलपति प्रो. जोशी ने कहा भारत ने इन 73 सालों में विश्व समुदाय के बीच एक आत्मनिर्भर, सक्षम और स्वाभिमानी देश के रूप में अपनी जगह बनाई है। स्वतंत्रता चार उपादान स्वदेशी, स्वाधीन, स्वावलंबी और स्वाभिमानी में निहीत है। इसे बनाए रखने को निजी जीवन में उतारना होगा। देश के पीएम नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का सपना स्वदेशी, स्वावलंबन व स्वाधीनता को बल प्रदान करेगा। उन्होंने लॉकडाउन से प्रभावित लोगों को रोजगार के लिए 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज का ऐलान कर आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत कर दी है। यह स्वतंत्र दिवस इसलिए भी विशेष है कि वर्षों के इंतजार के बाद देश को नई शिक्षा नीति मिली है। जो न केवल विदेशी भाषा की जंजीरें तोड़ने वाली है, बल्कि देश को विकास की राह पर ले जाने के लिये उत्पादकता को बढ़ाने वाली है। नई शिक्षा नीति का छात्रों को अच्छा लाभ मिलने जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों को बधाई भी दी है।

## डीएसबी परिसर में कुलपति जोशी ने किया झंडारोहण

### 5 यूके नेवल एनसीसी के कैडेट्स ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**न्यूज प्रिन्ट ब्यूरो**



**नैनीताल** । सरोवर नगरी में बीते रोज 74 वें स्वतंत्रता दिवस पर लोगों ने आजादी का जश्न पर्व की तरह मनाया कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में कुलपति प्रोफेसर एनके जोशी द्वारा झंडारोहण कर शहीदों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। और कहा हम सब मिलकर भारत के विकास को आगे बढ़ाएंगे ।

इस मौके पर 5 यूके नेवल एनसीसी के कैडेट्स ने डॉक्टर रितेश शाह के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया, इस मौके पर प्रोफेसर हरीश बिष्ट, प्रोफेसर संजय पंत, प्रोफेसर डीएन बिष्ट, प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा, प्रोफेसर पदम सिंह बिष्ट, प्रोफेसर नीरजा पांडे, प्रोफेसर एबी मेलकानी, प्रोफेसर ज्योति जोशी, डॉक्टर सुचेतन शाह, डॉक्टर विजय कुमार, डॉ मनोज आर्य, डॉ सोहेल जावेद, डॉक्टर केतकी तारा कुमैया, सहित डीएसबी परिसर के प्राध्यापक कर्मचारी मौजूद थे।

नई शिक्षा नीति

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी से बातचीत

# गुणवत्ता, शोध के आधार पर भारत बनेगा सुपर पॉवर

माई सिटी रिपोर्टर

**हल्द्वानी।** अगले वर्ष से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होनी है। इसमें स्कूली और उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव किया गया है। छात्रों और शिक्षण संस्थानों पर होने वाले असर के संबंध में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. एनके जोशी से बातचीत की गई। पेश है बातचीत के मुख्य अंश

**सवाल : नई शिक्षा नीति को किस प्रकार देखते हैं**

जवाब : नई शिक्षा नीति को 21वीं सदी की जरूरतों को देखते हुए काफी लचीली और बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली के लिए तैयार किया गया है। मैं इसे नई और व्यापक शुरुआत के तौर पर देख रहा हूं। अगर सभी प्रावधानों पर समय पर और ईमानदार प्रतिबद्धता के साथ अमल किया गया तो नई शिक्षा नीति सार्थक प्रभाव डालने वाली है।

**सवाल : नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदु क्या है**

जवाब : तीन बिंदु हैं। क्वालिटी, इनोवेशन और रिसर्च। नई शिक्षा नीति में केंद्र व राज्य सरकारों के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर जीडीपी के 6 फीसद हिस्से के बराबर निवेश का लक्ष्य, शैक्षिक पाठ्यक्रम को 5+3+3+4 प्रणाली पर विभाजन, तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन, भाषा की बाध्यताओं को दूर करना, दिव्यांग छात्रों एवं महिलाओं के लिए शिक्षा को सुगम बनाने पर बल है। वर्तमान की रटंत एवं बोझिल होती जा रही शिक्षा के स्थान पर रचनात्मक सोच, तार्किक निर्णय और नवाचार की भावना को शामिल किया गया है।



कुलपति प्रोफेसर एनके जोशी।

**सवाल : मल्टीपल एंट्री और एग्जिट सिस्टम का क्या मतलब है?**

जवाब : अगर कोई छात्र किसी वजह से बीच में पढ़ाई छोड़ता है तो वह बाद में भी उसे जारी रख सकता है। छात्र एक साल बाद शिक्षा छोड़ता है तो उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा, यदि दो साल बाद छोड़ता है तो उसे डिप्लोमा दिया जाएगा। तीन साल बाद छोड़ता है तो उसे डिग्री प्रदान की जाएगी और चार वर्ष पूरा करने पर ऑनर्स की डिग्री दी जाएगी। चार वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स सिर्फ मास्टर्स एवं रिसर्च में रुचि रखने वाले के लिए जरूरी होगा। मल्टीपल एंट्री थ्रू बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत छात्र के फर्स्ट, सेकंड ईयर के क्रेडिट डिजीलॉकर के माध्यम से क्रेडिट रहेंगे। जिससे कि अगर छात्र को किसी कारण ब्रेक लेना है और एक फिक्स्ड टाइम के अंतर्गत वह वापस आता है तो उसे फर्स्ट और सेकंड ईयर रिपीट करने को नहीं कहा जाएगा। छात्र के क्रेडिट एकेडमिक क्रेडिट बैंक में मौजूद रहेंगे।

**सवाल : नई शिक्षा नीति युवाओं के लिए किस तरह फायदेमंद होगी?**

जवाब : नई शिक्षा नीति में स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ वोकेशनल ट्रेनिंग और एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज को भी अहमियत दी जाएगी जिससे छात्रों के पूर्ण विकास में मदद मिलेगी और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। उच्च शिक्षा में विद्यार्थी को विषयों के चयन की छूट और मल्टीपल एग्जिट सिस्टम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाएगा।

**सवाल : किस प्रकार के परिवर्तन देखने को मिलेंगे?**

जवाब : उच्च शिक्षा के तहत ग्रेडेड अटॉनोमी की बात कही गई है, जिसमें विश्वविद्यालयों से बोझ को कम किया जाएगा और कॉलेज को भी अकादमिक, प्रशासनिक और आर्थिक स्वायत्तता दी जाएगी। वहीं कॉलेजों को ग्रेडेड स्वायत्तता देने के लिए एक चरणबद्ध प्रणाली स्थापित की जाएगी।

# युवाओं को मानसिक तौर पर बनाना होगा स्वस्थ

देहरादून, 26 अगस्त (स.ह.): उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा अनुसंधान केंद्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तरफ युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित वेबिनार में भारतीय संस्कृति और पाश्चात्य ज्ञान के समन्वय से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखा जा सकता है।

बुधवार को आयोजित वेबिनार में कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनके जोशी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं की समस्याओं को समझना होगा। हमें नई सोच के साथ युवाओं को समझना होगा। अगर हम उन्हें नहीं समझ पाए तो उनकी दिक्कतों का निराकरण नहीं हो पाएगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो

■ **उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा अनुसंधान व एम्स का वेबिनार**

रविकांत और यूसर्क के निदेशक डा. दुर्गेश पंत ने कहा कि हमें युवाओं की प्रतिभा को समझना होगा। उनकी बाधाओं को हर तरह से दूर करना आवश्यक है। यह समय धैर्य और मानसिक तौर पर बलशाली बनने का है। इसलिए कहीं से भी हमें प्रेरित होना आवश्यक है। इस मौके पर डा.मोहन चावला, डा. ब्रुजिली अब्राहम, डा. मंजू सुंदरियाल, डा. संतोष शर्मा ने युवाओं की मनोस्थिति पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. भवतोष शर्मा, डा. राकेश राणा आदि का योगदान रहा।

# प्रवासियों को स्वरोजगार से जोड़ने की अपील

## प्रो. वाईपीएस पांगती शोध प्रतिष्ठान, कुविवि नैनीताल के तत्वावधान में हुआ एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन

न्यूज़ प्रिन्ट ब्यूरो

**नैनीताल।** गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोड़ा, प्रो. वाईपीएस पांगती शोध प्रतिष्ठान, नैनीताल तथा वनस्पति विज्ञान विभाग, कुविवि नैनीताल के तत्वावधान में एक दिवसीय वैबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में सभी ने प्रो. वाईपीएस पांगती को श्रद्धांजली देते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में डा. बीएस कालाकोटी अध्यक्ष प्रो. वाईपीएस पांगती शोध प्रतिष्ठान, नैनीताल ने सभी वक्ताओं तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया।



डा. पांगती तथा उनके द्वारा हिमालयी पादप सम्पदा पर किये गए कार्यों को याद करते हुए डा. जीएस रावत पूर्व निदेशक, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून ने कार्यक्रम की अगुवाई की। वैबिनार के मुख्य अतिथि कुविवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने अपने वक्तव्य में बताया कि कोविड-19 की इस वैश्विक आपदा में हिलामयी औषधीय पादप एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है तथा उन्होंने बताया कि कैसे औषधीय पादप सम्पदा को संरक्षित करते हुए उनके वृहद उपयोगों का आंकलन कर उन्हें हिमालयी क्षेत्र में रह रहे लोगों के लिए जीविका के साधन के रूप में बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने हिमालयी क्षेत्रों में पायी जानी वाली विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियों से प्रवाशी लोगो को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु अपील की। वैबिनार के तीसरे सत्र में डा. जेएलएन शास्त्री, सीईओ एनएमपीबी, नई दिल्ली डा. बीएस कालाकोटी, अध्यक्ष प्रो. वाईपीएस परमार रिसर्च फॉउन्डेशन और डा. हेमा लोहनी, निदेशक, सीएपी देहरादून ने उद्योगों तथा बाजार में औषधीय की प्रचुर मात्रा में जरूरत का विश्लेषण किया। वैबिनार के अंतिम सत्र मे डा. पदम गुरमेट, निदेशक एनआरआई सूवा रिग्पा लेह, डा. सुमित गैरोला, वैज्ञानिक सीएस आई आरआई आई एम, जम्मू तथा प्रो. एमसी नौटियाल, एचएपीपीआरसी श्रीनगर गढ़वाल द्वारा पारम्परिक ज्ञान तथा वैज्ञानिक शोध के समन्वय से कैसे औषधीय पादपों के कृषिकारण को बढ़ावा दिया जा सकता है पर चर्चा की। कार्यक्रम के अन्त में पर्यावरण संस्थान के डा. आईडी भट्ट तथा वनस्पति विज्ञान विभाग कुविवि के प्रो. ललित तिवारी ने सभी वक्ताओं तथा प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में देश के कई हिस्सों से 10 औषधीय पादप विशेषज्ञ तथा 300 से ज्यादा प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# कोविड-19 से मानसिक तनाव में हैं कई युवा

**वेबिनार RMU**

देहरादून | **मुख्य संवाददाता**

उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र यूसर्क एवं एम्स की ओर से युवाओं में मानसिक तनाव को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें कोविड-19 की वजह से उत्पन्न हालातों पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने इस दौर में डिप्रेशन के बढ़ रहे मामलों पर चिंता जताते हुए इसे दूर करने के लिए रणनीतिक स्तर पर काम करने का सुझाव दिया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एनके जोशी ने वेबिनार का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस वक्त पर युवा सबसे ज्यादा तनाव में है। उसके सामने भविष्य की चिंताएं हैं। वह काफी दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि जिस शक्ति के साथ कोविड की लड़ाई को लड़ा जा रहा है, उसी तरह के प्रयास मानसिक तनाव को दूर करने के लिए भी होने चाहिए। एम्स के निदेशक पद्मश्री प्रो. रविकान्त ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी काम करने का समय है। यूसर्क के निदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, एम्स ऋषिकेश के मनोवैज्ञानिक डा. ब्रुजिली अब्राहम, डा. मंजू सुंदरियाल, डा. संतोष कुमार, डा. भवतोष शर्मा ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

# 30 कि.मी. साइकिल ट्रैकिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

रुद्रपुर( दर्पण संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के सौजन्य से रुद्रपुर से एस.आई.एम.टी गदरपुर तक लगभग 30 किलोमीटर साइकिल ट्रैकिंग का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विधायक राजकुमार ठुकराल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान राजकुमार ठुकराल ने संबोधित करते हुए कहा कि साइकलिंग एक बेस्ट एक्सरसाइज है। साइकिल की सवारी से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो होता है, इससे पूरी बॉडी फिट होती है,व साइकिल चलाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। क्योंकि जिसका इम्यून सिस्टम अच्छा होगा, उसको बीमारी का खतरा कम रहता है। अनलॉक होने के बाद खिलाड़ियों की फिटनेस व उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है, एवं सभी लोग कोरोना वायरस की वजह से शरीर को फिट रखने व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं। जानकारी देते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय क्रीड़ाधिकारी डॉ





नागेंद्र शर्मा ने बताया कि कुमाऊं विश्व विद्यालय के नैनीताल कुलपति प्रो. एन. के. जोशी के दिशा निर्देशन में लॉकडाउन अनलॉक में पुन: खिलाड़ियों की फिटनेस, मनोबल व उनके उत्साह को बढ़ाने व फिट इण्डिया -हिट इंडिया आत्म निर्भर भारत साइकिलिंग ट्रैकिंग मुहिम हेतु 30 कि.मी. साइकिलिंग ट्रैकिंग का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना है, साथ ही कु.वि.वि नैनीताल द्वारा स्वस्थ रहने के लिए दम है तो आओ, साइकिल चलाओ, इम्यूनिटी सिस्टम बढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ और कोरोना को भगाओ। स्लोगन के साथ मोटिवेट किया जा रहा है। डॉ शर्मा ने कहा कि इस साइकिलिंग ट्रेकिंग में कुविवि के खिलाड़ी व स्पोर्ट्स संघों के पदाधिकारीयो के साथ साथ विभिन्न खेलो जैसे सेपक टकरा, ड्राप रोबॉल, कराटे, क्रिकेट, फुटबाल, मिनी गोल्फ, बैडमिंटन, वॉलीबाल, जुजित्सु, कुराश सहित कुल 25 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। सभी ट्रेकर्स के गदरपुर पहुंचने पर सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के चेयरमैन एच. के. गर्ग, वाइस चेयरमैन विशाल गर्ग, सी.ई.ओ. समीप गांधी, निदेशक डॉ एम.के.शर्मा, प्रचार्य डॉ एस. के. त्रिपाठी, रजिस्ट्रार अर्पित शर्मा, खेल प्रभारी अखिलेश मंडल, प्रकाश चंद्र, असीम सक्सेना, कहकशा खान, जूही, रवि भास्कर सहित समस्त परिवार ने सभी ट्रेकर्स के मनोबल बढ़ाने हेतु गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन एच. के. गर्ग ने कहा कि लॉकडाउन के चलते जहां सभी खेल क्रियाएं थम सी गई हैं, वही अनलॉक प्रारंभ होते ही डॉ नागेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों द्वारा स्वयं को स्वस्थ रखने हेतु साइकिलिंग के माध्यम से जो जागरूकता संदेश दिया जा रहा है वह सराहनीय है। साइकिल ट्रैकिंग कॉर्डिनेटर की भूमिका में मुख्य रूप से एड. भूपेश दुमका, वरिष्ठ क्रिकेट कोच राजेन्द्र कुमार, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ऋषि पाल भारती, नवनीत राव, धीरज चौधरी, मंगतराम कंबोज, व अन्य खिलाड़ियों में गौरव रस्तोगी, लक्की रावत, रंजीत पाल, उदय प्रताप, मनोज सिंह, भानवी रावत, मुस्कान खान, नेहा, मोहित, निक्की, राज सिंह राणा, शमशाद, नैंसी सागर, किरण कश्यप, सैलजा लोधियाल, रिमी शाह, गंगा, मंगत काम्बोज, गौरव, शिवम, पवन, विक्रम सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# कुमाऊं विवि ने तय तिथि पर घोषित किया परीक्षा परिणाम

**जासं, नैनीताल** : कुमाऊं विवि ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, यूजीसी की गाइड लाइन तथा प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए बुधवार को सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया। पहले दिन एमए द्वितीय सेमेस्टर के 13 विषयों तथा एमएससी द्वितीय के दस विषयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया। कोविड-19 को देखते यूजीसी की गाइड लाइन के अनुसार छात्रों को ऑटो प्रमोट किया गया है।

दरअसल पिछले माह मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री की बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों को पांच अगस्त तक सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित करने की डेड लाइन दी गई थी। कुलपति प्रो. एनके जोशी ने कहा कि कोविड-19 की चुनौती के बीच परीक्षाफल घोषित करना आसान नहीं था, मगर विवि ने यह कर दिखाया। उन्होंने बताया कि आगामी 17 अगस्त से अगले सेमेस्टर में प्रमोट छात्रों की नई कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। शिक्षकों को टाइम टेबल के अनुसार क्लास में अध्यापन कराना होगा। साथ ही इसकी रोजाना रिपोर्ट कुलपति कार्यालय में भेजनी होगी।

# प्रतियोगिता में मीनाक्षी, आर्यन, गर्वित और इशिता ने मारी बाजी



पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद कुलपति प्रो. एनके जोशी (दाएं) ● **जागरण**

**जासं, नैनीताल** : कुमाऊं विवि नवोन्मेष एवं विकास केंद्र की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के लिए लगभग सौ प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, प्रतियोगिता में मीनाक्षी रावत ने पहला, आर्यन वशिष्ट ने दूसरा, गर्वित शाह एवं इशिता अरोरा ने संयुक्त रूप से तीसरा जबकि तिलक जोशी, कृतिका बिष्ट और भावना जोशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। आयोजन में डीएसबी परिसर निदेशक प्रो. एलएम जोशी, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. नीता बोरा, डॉ. कुमुद उपाध्याय, डॉ. महेश आर्य थे।